## खबर संक्षेप



### कृषि प्रसार को प्रभावी बनाने को दिया प्रशिक्षण

**नीलोखेड़ी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में जनसंचार कौशल द्वारा प्रभावी प्रसार विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। 14 से 18 जुलाई तक चले इस प्रशिक्षण में हरियाणा, पंजाब, बिहार और झारखंड के कृषि एवं बागवानी विभाग के विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वीडियो निर्माण, वीडियो संपादन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कंटेंट तैयार करना, सूचना सत्यापन, सामुदायिक रेडियो, डिजिटल संचार, समाचार लेखन, जीआईएस-जीपीएस और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।



### कॉलेज में अंगदान के प्रति किया जागरुक

**करनाल।** भारत सरकार के अंगदान जीवन संजीवनी अभियान के तहत सोमवार को दयाल सिंह कॉलेज में जिला रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में अंगदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़, मोहन फाउंडेशन एवं एसडीआरएफ चंडीगढ़ की अध्यक्ष संगीता जामवाल, जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक और कार्यक्रम अधिकारी प्रीति गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने अंगदान की वैज्ञानिक प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों और इससे जुड़ी भ्रांतियों पर विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।



### मिशन ग्रीन करनाल ने लगाए त्रिवेणी पौधे

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण और शहर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से टीम मिशन ग्रीन करनाल ने सोमवार को शहीद उधम सिंह चौक के समीप पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम सदस्यों ने 10 त्रिवेणी पौधे लगाकर लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रधान अमित शर्मा ने बताया कि मिशन ग्रीन करनाल लगातार निःशुल्क पौधारोपण अभियान चला रहा है। संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल के प्रति भी लोगों को जागरूक करना है। ताकि पर्यावरण संरक्षण को सुरक्षित किया जा सके।

## शहर को मिली 2.76 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

# जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकार: आनंद

### विधायक और महापौर ने चार विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सोमवार को करीब 2 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से चार महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वार्ड नंबर 7, 5 और 8 में संबंधित पार्षदों की मौजूदगी में विकास परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया। इनमें तीन कार्य नगर निगम करनाल तथा एक कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा कराया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। शहर के प्रत्येक वार्ड में लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुगम आवागमन और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किसी भी शहर के समग्र विकास की पहचान होता है और करनाल को इसी सोच के साथ विकसित किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और निर्माण सामग्री की समय-समय पर जांच भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बड़े विकास कार्य चल रहे हैं, वहां नागरिक भी सहयोग करें ताकि परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकें। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य करनाल को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करना है। करोड़ों रुपये की इन परियोजनाओं से हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा विधायक जगमोहन आनंद के मार्गदर्शन में शहर में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है। सड़क, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य पूरे होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी और लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।



**करनाल।** करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि।

### 2.10 करोड़ से सुधरेगी की सड़क की सूरत

रांवर रोड से एनएच-44 तक: अनमोल गार्डन से सेक्टर-4 के पीछे होते हुए सड़क का विशेष मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, लागत 2.10 करोड़ रुपये। यह कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा श्रवण एवं वाणी विभाग की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, वार्ड-7 के पार्षद जोगिन्द्र शर्मा, वार्ड-5 के पार्षद सुभाष कम्बोज, वार्ड-8 के पार्षद संकल्प भंडारी, वार्ड-11 के पार्षद मोनिक गर्ग, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी एवं प्रदीप कल्याण, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्रमुख विकास कार्य

- वार्ड-7 : पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीट सड़कों का निर्माण, लागत 32.71 लाख रुपये।
- वार्ड-5 : मेरठ रोड से गांव कटाबाग तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण, लागत 19.85 लाख रुपये।
- वार्ड-8 : जगद्गुरु स्वामी ब्रह्मानंद चौक से साईं बाबा मंदिर चौक तक सेंट्रल वर्ज का सौंदर्यीकरण, लागत 13.26 लाख रुपये।



**करनाल।** कैंप कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनते विधायक जगमोहन आनंद।

## हर परिवार के सुख-दुख में साथ खड़ी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता से सीधा संवाद उनके लिए केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का सबसे प्रभावी माध्यम और आत्मिक संतोष का विषय है। आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। सोमवार को सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं विस्तार से सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सड़क, पेयजल, सीवरेज, बिजली, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य विभागों से जुड़े मामलों को विधायक के समक्ष रखा। जगमोहन आनंद ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इसी विश्वास के बल पर वे क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि करनाल का प्रत्येक परिवार उनका अपना परिवार है और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना ही उनके सार्वजनिक जीवन का उद्देश्य है।

## रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि हलके के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में किये गये वादों को सरकार द्वारा पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान गांव खेड़ा निवासी सुनीता ने विधवा पेंशन बारे, मूसेपुर निवासी पंकज व अन्य ने इंद्री से मुसेपुर सडक बारे, हिनोरी निवासी रीना ने मकान की ग्रांट बारे, तुसंग निवासी ओमप्रकाश ने पेंशन बारे, बीड़ भादसों निवासी बलवंत सिंह ने पानी निकासी के लिये पाइप लाइन डलवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया।



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

## डीसी ने बच्चों के साथ बैठकर चखा मिड-डे मील का स्वाद

- शामगढ़ स्कूल का औचक निरीक्षण कर डीसी ने भोजन, स्वच्छता, पेयजल और शिक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को शामगढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ पंक्ति में बैठकर स्वयं मध्याह्न भोजन ग्रहण किया तथा बच्चों से भोजन की गुणवत्ता, स्वाद, साफ-सफाई, पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मिड-डे मील से संबंधित स्टॉक रजिस्टर, राशन स्टॉक और खाद्य सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, स्वच्छता और निर्धारित मानकों के पालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने विद्यालय की प्रधानाचार्य और स्टाफ से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि मिड-डे मील निर्धारित समय पर मेन्यू के अनुसार तैयार किया जाए तथा भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो सके। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, आधारभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उपायुक्त को बताया कि विद्यालय में मिलने वाला भोजन स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। उपायुक्त ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया भी मौजूद रहे और उन्होंने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



करनाल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बच्चों के साथ भोजन करते डीसी।

### बच्चों ने भोजन को स्वादिष्ट और पौष्टिक बताया

बच्चों से सीधे ली फीडबैक उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे भोजन के स्वाद, गुणवत्ता, मात्रा तथा साफ-सफाई के बारे में सीधे जानकारी ली। बच्चों ने भोजन को स्वादिष्ट और पौष्टिक बताया।

## प्रताप पब्लिक स्कूल में शतरंज में बच्चों ने दिखाएं दाव-पेंच

- कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के उत्साही छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और एकाग्रता के साथ भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्यालय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का अत्यंत रोमांचक और सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के उत्साही छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और एकाग्रता के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की कला और मानसिक धैर्य का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने विजेता एवं प्रतिभागी सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता और दूरदर्शी सोच का उत्कृष्ट माध्यम है। प्रत्येक प्रतियोगिता हमें जीत के साथ-साथ हार से सीखकर आगे बढने की प्रेरणा देती है। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे। छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनायें देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं में अंडर-11 श्रेणी में कक्षा पांचवी के वियान चोपड़ा तथा कक्षा चौथी की रिदम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा पांचवी की माही तथा कक्षा चौथी के देवांश लाठर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 श्रेणी में कक्षा सातवीं के मनन व कक्षा छठी की गौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं के युवराज तथा पूर्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 श्रेणी में कक्षा दसवीं के लविश कुमार तथा कक्षा नौवीं की स्वरा गोयल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं के हर्षित तथा कक्षा दसवीं की यशस्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अंडर-19 श्रेणी कक्षा बहारवीं की आराध्य व कक्षा ग्यारहवीं के घनश्याम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं के प्रणव गौर तथा गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



**तरावड़ी।** शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने हर चाल में अपनी सूझबूझ व एकाग्रता का शानदार परिचय दिया। खिलाडियों की रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया।

## कांग्रेस संगठन को मिलेगी नई धार, 22 व 23 को प्रदेश नेतृत्व पर होगा मंथन

- प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त कार्यकर्ताओं से करेंगे सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के 22 व 23 जुलाई को प्रस्तावित करनाल दौरे को लेकर सोमवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के मॉल रोड स्थित निवास पर संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष (शहरी) पराग गाबा, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) डॉ. राजेश वैद्य और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने दो दिवसीय संगठनात्मक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) डॉ. राजेश वैद्य ने बताया कि 22 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त करनाल के मंगल सेन ऑडिटोरियम में संगठनात्मक बैठकों की शुरुआत करेंगे। दोपहर 1:15 बजे जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के पदाधिकारियों से संवाद होगा। इसके बाद 3 बजे से 5 बजे तक घरौंडा विधानसभा, 5 बजे से 7 बजे तक इंद्री विधानसभा तथा 7 बजे से 9 बजे तक नीलोखेड़ी विधानसभा के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी।



**करनाल।** प्रेरवार्ता में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य कांग्रेसी।

## लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप, सीटू ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीटू की राज्य कमेटी के आह्वान पर सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में सीटू और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। मदन कलरा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन के बाद तहसीलदार कृष्ण कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा गया।

सीटू जिला सचिव जगपाल राणा ने कहा कि पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और उनकी तत्काल रिहाई की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की भी मांग उठाई। उनका आरोप था कि नीट सहित कई परीक्षाओं में पेपर लीक होने और बार-बार परीक्षा होने से विद्यार्थियों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा कई छात्रों ने आत्महत्या तक कर ली।

सभा को रूपा राणा, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, मंजु बवेजा और सुखविंदर सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था कमजोर की जा रही है, स्कूलों का विलय और बंदी की जा रही है तथा शिक्षकों के लाखों पद खाली पड़े हैं। उन्होंने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की निंदा करते हुए सरकार से संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने की मांग की।




**करनाल।** धरना-प्रदर्शन करते सीटू और जन संगठनों के सदस्य।

### विकसित भारत की मजबूत नींव सशक्त नगर निकाय : मनोहर लाल

## केंद्रीय मंत्री ने निकायों को सशक्त बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए शहरों का सुनियोजित, समावेशी और सतत विकास बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय केवल स्थानीय प्रशासनिक इकाइयां नहीं हैं, बल्कि जनसेवा, पारदर्शिता, नवाचार और सुशासन को धरातल पर उतारने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। केंद्र सरकार और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय से ही नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय महापौर परिषद के कार्यालय में आयोजित परिषद की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने देशभर से आए महापौरों के साथ शहरी विकास, नगर निकायों को और अधिक सशक्त बनाने, स्वच्छ एवं आधुनिक शहरों के निर्माण तथा प्रभावी स्थानीय शासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि देश के तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों की आवश्यकताओं को देखते हुए नगर निकायों की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।



**करनाल।** नई दिल्ली में अखिल भारतीय महापौर परिषद की बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता व अन्य।

### बैठक में इन विषयों पर हुआ विशेष रूप से मंथन

- नगर निकायों को अधिक सक्षम और जवाबदेह बनाने पर चर्चा।
- स्वच्छ, आधुनिक और सतत शहरों के विकास पर जोर।
- जनसेवा, पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने पर विचार।
- विभिन्न राज्यों के महापौरों ने साझा किए अपने अनुभव और सुझाव।
- स्थानीय निकायों के बीच समन्वय बढ़ाने पर बनी सहमति।

बैठक में परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय महापौर परिषद देशभर के नगर निकायों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान, नवाचारों को साझा करने तथा जनहितकारी योजनाओं को नई दिशा देने का सशक्त मंच बनकर उभरी है। बैठक में परिषद के संगठन महामंत्री आशुतोष वार्ष्णेय, सचिव मनोज गुप्ता तथा देश के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से पहुंचे महापौरों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए। सभी ने शहरी विकास, नगर निकायों की कार्यक्षमता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के उपयोग और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने से जुड़े अनेक सुझाव प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### दादा व पौते को पीटा मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के कृष्ण नगर में दूध सप्लाई के व्यापारिक वर्चस्व को लेकर दूध डेयरी संचालक सुरेश कुमार व इसके पौते गौरव को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इधर, थाना तहसील कैंप ने सुरेश की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला मित्र पर हत्या का केस दर्ज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 11-12 की न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सचिन निवासी दत्ता कॉलोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला थाना चांदनी बाग पुलिस ने सचिन की महिला मित्र नेहा पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सचिन का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। नेहा के पति की भी संदिग्ध हालात में मौत हुई थी।

### मारपीट का आरोपी दंपति पकड़ा

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस ने गांव माहवटी में घर में घुसकर लाठी, डंडों से हमला कर चोट मारने मामले में आरोपी दंपति गांव पलड़ी निवासी महेंद्र व उसकी पत्नी सुमन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गांव माहवटी निवासी राजेश पुत्र होशियार सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### माई भारत पोर्टल से जुड़े युवा

**पानीपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत (माई भारत) द्वारा 15 अगस्त तक पूरे देश में सघन पंजीकरण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल से जोड़ते हुए देशभर में पांच करोड़ युवाओं के पंजीकरण का लक्ष्य प्राप्त करना है।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह जारी

**पानीपत।** रोजगार विभाग, पानीपत द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत सहायक रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पट्टीकल्याणा, समालखा में व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु कैरियर वार्ता का आयोजन किया गया। वहीं, डॉ यादव ने कहा कि बच्चों को मेहनत करके प्रशासनिक स्तर की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी अपनी रुचि व क्षमता को ध्यान में रखकर लक्ष्य निर्धारित करें।

### सैलजा ने अत्री परिवार का ढांढस बांधा

**पानीपत।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सांसद सैलजा ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश अत्री के हुडा सेक्टर-18 स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी माता स्व. शांति देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया और अत्री परिवार का ढांढस बांधा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के चेयरमैन अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल, डॉ.ओमवीर पंवार, धर्मपाल गुप्ता, मोहकम छोक्कर, मोहिक बुद्धिराजा, बाबूराम कौशिक, सुरेश अत्री, प्रो. बालकिशन आदि उपस्थित रहे।

### आटा व बिलासपुर के विद्यालयों का निरीक्षण

**समालखा।** डाइट पानीपत के सहायक प्रो. अजय आंतिल ने गांव आटा, जीतगढ़ और बिलासपुर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। स्टूडेंट बेस्ड असेसमेंट एसबीए विद्यार्थियों के समग्र विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसका मूल्यांकन निष्पक्ष, पारदर्शी व समयबद्ध होना चाहिए।

### रवि हाई स्कूल परिसर में चंद्रमा दिवस मनाया

**पानीपत।** रवि हाई स्कूल परिसर में विश्व चंद्रमा दिवस और महान स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त के बलिदान दिवस मनाया गया। वहीं, साहित्य सेवा रत्न सम्मान प्राप्त शिक्षाविद पंडित जवाहरलाल शर्मा ने बटुकेश्वर दत्त के त्यागी व संघर्षशील जीवन की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पार्षद अनिल बजाज, विनोद कुमार, नीरज शर्मा, कीर्ति रानी, मोनिका, रविकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

### ग्रामीणों ने एसडीएम ऑफिस में किया प्रदर्शन

# रोहतक हाइवे पर नौल्था में पिलर पर ओवरब्रिज बनाने की मांग



इसराना में एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते गांव नौल्था के ग्रामीण।

**मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो निर्माण कार्य रुकवाकर धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर गांव नौल्था में प्रस्तावित मिट्टी के ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। सोमवार को ग्रामीणों ने मौजूदा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो वे निर्माण कार्य रुकवाकर धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंच कर एसडीएम मनदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित मिट्टी का ओवरब्रिज क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आम लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। उनका आरोप है कि ग्रामीणों की सहमति लिए बिना और उनकी आपत्तियों का समाधान किए बिना निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं, विरोध प्रदर्शन में संघर्ष समिति के प्रधान राजकुमार पांचाल, मनोज नौल्था, श्री बाबा सोमवार नाथ, धर्मबीर जागलान, लाल सिंह, विजय धीमान, समुंदर जागलान, मनोज जगलान, लाल सिंह लाला, सिलक राम जागलान, खिलार सिंह जागलान, शमशेर सिंह, अजमेर सिंह, जितेंद्र जागलान, राजकुमार जागलान, राजा समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### सीटू व किसान सभा ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**पानीपत।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू और अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त नेतृत्व में जंतर मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन तथा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुखबीर सिंह, सुनील दत्त, डॉ.सुरेंद्र मलिक, दिलावर सिंह राठी, फौजी रोहतास आर्य, गुलाब सिंह, जय भगवान, नवीन सपरा, बंटी, मनजीत, निर्मला अहलावत, ललिता, सुल्तान, अशोक दुग्गल और कंवरपाल ने किया। वक्ताओं ने शिक्षा में भ्रष्टाचार, पेपर लीक, एनटीए की कार्यप्रणाली, शिक्षा के निजीकरण और छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने, निजी परीक्षा एजेंसियों को समाप्त कर सरकारी परीक्षा प्रणाली लागू करने तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों पर कार्रवाई की मांग की।




**पानीपत।** केंद्र सरकार का पुतला जलाते हुए किसान सभा व सीटू के पदाधिकारी।

---

# जनता की हर समस्या का होगा समयबद्ध समाधानः डॉ. हरीश

- डीसी ने जनता समाधान शिविर में की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जनता समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी नागरिक को अपनी शिकायत के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को उसके अधिकार समय पर मिलें, यही सुशासन की पहचान है। अधिकारियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रार्थी को न्याय दिलाना सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर एडीसी अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, एएसपी हर्षित गोयल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ आदि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सेवा दिवस पर बुजुर्गों की सेवा की

**पानीपत।** राजस्थानी परिवार सेवा समिति ने सेवा दिवस पर आदर्श नगर स्थित अपना आशियाना वृद्ध एवं असहाय सेवा केंद्र में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के सदस्यों ने बुजुर्गों व असहाय लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया, आवश्यक सामग्री भेंट की और उनका हालचाल जानकर आशीर्वाद लिया। मौके पर नरेश आचार्य, सुरेश काबरा, राजेंद्र खुराना, बजरंग सिंह, बलदेव खुराना, कैलाश शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, मुकेश शर्मा, विवेक तोमर, अमृत वर्मा, तिलक सपड़ा, जन सेवा दल अपना आशियाना के प्रधान कमल गुलाटी, चमन गुलाटी व तिलकराज बठला ने सभी सेवादारों का आभार जताया।

### जलभराव से नागरिक परेशान

**समालखा।** समालखा की मनाना रोड स्थित राजीव कॉलोनी वार्ड 17 के निवासियों ने जलभराव, गंदगी और मूलभूत सुविधाओं की कमी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने अंडरपास निर्माण की मांग भी उठाई और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन में शामिल दलवीर, सतबीर, काला, मुन्ना, कुकी, वीरेंद्र, जय भगवान सहित अन्य कॉलोनीवासियों ने बताया कि वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या जलभराव की है। इससे कालोनी का जनजीवन प्रभावित होता है।

### डीएवी स्कूल में कार्यशाला

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल, थर्मल कॉलोनी में फेविक्रिल के सहयोग से टाई एंड डाई कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षिका शिव वाणी ने विद्यार्थियों को रंगाई बंधाई की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने इसे रचनात्मक विकास का माध्यम बताया। डा.अनु कालड़ा ने भारतीय कला के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरभि चुघ ने समन्वय किया।

---

# समता मूलक समाज के प्रहरी थे संत कबीरः सुभाष कबीरपंथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सतगुरु कबीर आश्रम में महंत ज्ञानेश्वर दास के नेतृत्व में सतगुरु कबीर साहेब का 629वां प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महंत ब्रह्म दास ने कबीर साहेब के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। मुख्य अतिथियों में दिनेश सैनी, राहुल विज, करण सिंह पूनिया और पार्षद नवल जिंदल शामिल रहे। सुभाष कबीरपंथी ने बताया कि संत कबीर समता मूलक समाज के प्रहरी थी। उन्होंने समाज को कुरीतियों से मुक्त होकर सद्भावना के साथ जीवन यापन करने की संदेश दिया था। वहीं, अतिथियों ने आश्रम के रुके हुए विकास कार्य, कबीर चौक, कबीर मार्ग, कबीर प्रतिमा और आश्रम गेट के नवीनीकरण का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में धर्मदास, सतपाल मलिक, तेजपाल, किरण पाल, जगदीश मलिक, विरेंद्र, डॉ.विवेक बहल, फेरू, नरोतम दास व अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** कबीर साहेब के प्रकट दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष कबीरपंथी। फोटो : हरिभूमि

# बलिदान दिवस पर बटुकेश्वर दत्त को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के विकास नगर में महान क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त के 62वां बलिदान दिवस पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा की पानीपत विंग ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया7 वहीं, संगठन के जिलाध्यक्ष राजवीर शर्मा, कैप्टन जय भगवान कौशिक, हवलदार सतवीर सिंह ने शहीद ने बटुकेश्वर दत्त के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संगठन जिले के स्कूलों में बलिदानियों पर कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि युवाओं को अपने शहीदों के त्याग व बलिदान की जानकारी मिलती रहे।

वहीं, शहीद बटुकेश्वर दत्त को नायब सूबेदार जय भगवान, हवलदार वेद सिंह, सूबेदार राजकुमार, आरएसएस समरसता विभाग के सहसंयोजक सत्यवान, स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



**पानीपत।** क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के पदाधिकारी।

---

### नगराधीश कार्यालय में नशा मुक्ति पर बैठक

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के नशा मुक्ति हरियाणा अभियान को जिले में जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में सोमवार को जिला सचिवालय स्थित नगराधीश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नगराधीश टीनू पोसवाल से मुलाकात कर अभियान को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर पर लागू करने का आग्रह किया। वहीं, एडवोकेट संदीप जिंदल ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जन-जन की भागीदारी से जनआंदोलन का रूप दिया जाए।

# हरियाणा सशक्त बैंक के विजन को साकार करने में जुटा सहकारी बैंकिंग तंत्र

**हर गांव तक पहुंचेगी सहकारिता की ताकत मजबूत होंगी बैंक शाखाएंः भूषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरको बैंक के चेयरमैन भारत भूषण जोवल ने कहा कि हरियाणा में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक मजबूत, आधुनिक तथा जनहितैषी बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के हरियाणा सशक्त बैंक के विजन को धरातल पर उतारने के लिए गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जाएगा तथा प्रत्येक शाखा को सशक्त बनाने पर विशेष जोर रहेगा। जोवल पानीपत सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जिम्मेदारी संभाले हुए लगभग दो माह हुए हैं और इस दौरान प्रदेश के सभी 19 केंद्रीय सहकारी बैंकों का दौरा कर उनकी कार्यप्रणाली का आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक बैंकिंग व्यवस्था नहीं बल्कि एक परिवार की भावना है, जहां समरसता, विश्वास और पारदर्शिता सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि हरको बैंक प्रदेश का सबसे बड़ा सहकारी बैंक है, जिसकी 598 शाखाएं प्रदेशभर में कार्यरत हैं।

इन शाखाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। वहीं, बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ऋण योजनाओं का विस्तार कर रहा है। अब पर्सनल लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत के निर्माण में सहकारी बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर ही सहकारिता क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन संभव है। इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, शाखा प्रबंधक, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।




**पानीपत।** हरको बैंक के चेयरमैन भारत भूषण जोवल, एटीएम कक्ष का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सुरेंद्र मलिक दोबारा सर्वसम्मति से बने प्रधान

**पानीपत।** पानीपत की सनौली रोड स्थित श्री सत जिंदा कल्याणा आश्रम मंदिर में आम सभा में वरिष्ठ सेवादार सोमनाथ आहूजा सहित सदस्यों की सहमति से सुरेंद्र मलिक को दोबारा सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। बैठक में शिव कुमार, अशोक बत्रा, जय दयाल, सुभाष छाबड़ा, सुरेश मलिक, अमित तनेजा, अशोक कालरा, सुरेश मदान, जगदीश आहूजा, कमल कांत, हरीश छाबड़ा, परवीन छाबड़ा, ललित आहूजा, विकी, गोल्डी, मयंक, मदन लाल सहगल, चमन लाल, राजू, राहुल तनेजा, दिलजीत बत्रा, सोमनाथ फौजी, अंकुश तनेजा और मुकेश खुराना सहित अनेक सेवादार मौजूद रहे।

---



### सीमा ने एशियन जू जीत्सु में कांस्य जीता

**पानीपत।** कजाखिस्तान के अल्माटी में आयोजित 10वीं एशियन सीनियर जू जीत्सु चैंपियनशिप में पानीपत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सीमा उर्फ सिम्मी ने 70 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। कोच संजीव तोमर, फिटनेस कोच प्रवीण नांदल और जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। सीमा मूल रूप से पठानकोट पंजाब की निवासी हैं और तिरुपति मेडिकेयर लिमिटेड व थी ब्रदर हेल्थकेयर लिमिटेड की प्रायोजित खिलाड़ी हैं। वहीं, नवीन भाटिया ने कहा कि सीमा को खेल निखारने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि सीमा भविष्य में गोल्ड मेडल जीत सके।

### सामाजिक पारदर्शिता के लिए ईमानदारी से पत्रकारिता होः अत्रे

# देश के विकास में सहयोग दें पत्रकारः भड़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देश में ज्यादा से ज्यादा विकास करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए पत्रकारिता बहुत जरूरी है, इसलिए जितने भी साथी इस प्रोफेशन से जुड़े हैं, वह निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करें तो समाज और देश विकास की रफ्तार को पकड़ेगा। उक्त बातें विधायक मनमोहन भड़ाना ने हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के द्वारा आयोजित किए गए पत्रकार सम्मेलन और पॉलिसी वितरण समारोह में उपस्थिति पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रेस सचिव प्रवीण अत्रे ने मुख्य रूप से शिरकत की। सभी मेहमानों के द्वारा यहां पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी मेहमानों के द्वारा यहां पर पत्रकारों को पॉलिसी वितरित की गई। इस अवसर पर हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष आरपी वशिष्ठ, जिला प्रधान दीपक शर्मा, उपप्रधान अली मेहर, सचिव बलराज, अशोक शर्मा, आनंद कौशिक और यूनियन के अन्य पदाधिकारी के द्वारा सभी मेहमानों का फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया और उन्हें चादर ओढ़ाने के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया।



**पानीपत।** एचयूजे के पदाधिकारी डॉ. अर्चना गुप्ता, मनमोहन भडाना, प्रवीण अत्रे का बुके देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पत्रकारिता समाज सेवा का एक बहुत बड़ा हिस्सा

मनमोहन भड़ाना ने कहा कि कुल मिलाकर पत्रकारिता एक व्यवसाय नहीं बल्कि समाज सेवा का एक बहुत बड़ा हिस्सा है, इसलिए जितने भी साथी इस फील्ड में काम कर रहे हैं वह अच्छे और ईमानदारी तरीके से करें। जबकि प्रवीण अत्रे ने अपने संबोधन में कहा कि जितने भी साथी पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे हैं वह एक ऐसा काम कर रहे हैं जो दूध का दूध और पानी का पानी करते हैं। वहीं, कार्यक्रम में अतिथियों को हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर आनंद कौशिक, जोगेंद्र त्यागी, हैप्पी बुद्धिराजा, आकाश, संदीप, कुलदीप आर्य, जयकुमार, पुरुषोत्तम शर्मा, राकेश शर्मा, कमल किशोर, विनोद पांचाल, राममेहर कौशिक, संजीव शर्मा, विकास चौधरी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

